हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 19 | देहरादून, बुधवार, 06 जुलाई, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



एक हफ्ते में तैयार हो खेल विभाग की वेब साइट : रेखा आर्या 3

# मुख्यमंत्री धामी ने सीएम के तौर पर पूरा किया 365 दिन, मंत्री प्रेमचंद ने खिलाई मिठाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री के रूप में एक वर्ष पूर्ण करने पर कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी। इस दौरान मिठाई खिलाकर सीएम धामी को शुभकामनाएं दी। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई मुलाकात में मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि राज्य के युवा मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी का एक वर्ष का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम के रूप में प्रथम कार्यकाल के दौरान 600 से अधिक जनकल्याणकारी निर्णय लिए गए।

कहा कि ऐतिहासिक निर्णय के चलते ही जनता ने पुनः बहुमत देकर सत्ता में वापसी कराई है।डॉ अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी की विकासपरक सोच और युवा नेतृत्व के चलते प्रदेश में पहली बार सत्ता में आने का मिथक भी टूटा है। भारतीय जनता पार्टी की लगातार सत्ता में आई है। डॉ अग्रवाल ने मुख्यमंत्री सीएम धामी के 100 दिनों के कार्यकाल की सराहना भी की। इस अवसर पर डॉ अग्रवाल ने सीएम को भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी। इस दौरान अन्य विषयों पर भी वार्ता हुई। मौके पर मिष्ठान खिलाकर मुँह मीठा भी कराया गया।




## छह जिलों में मिले 32 नए संक्रमित, रिकवरी दर 95.86 और संक्रमण दर 2.51 प्रतिशत दर्ज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। प्रदेश में संक्रमितों की तुलना में अधिक मरीज ठीक हुए हैं। 32 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं जबकि 71 मरीजों ने संक्रमण को मात दी है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक रविवार को 1244 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। छह जिलों में 32 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए।

देहरादून जिले में 17, नैनीताल व ऊधमसिंह नगर चार-चार, चमोली व हरिद्वार में तीन-तीन, उत्तरकाशी जिले में एक संक्रमित मिला है। संक्रमितों की तुलना में अधिक मरीज ठीक होने से सक्रिय मामले कम हो रहे हैं। 11 जिलों में 272 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। इसमें अधिकतर संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश की रिकवरी दर 95.86 प्रतिशत और संक्रमण दर 2.51 प्रतिशत रही।



## विजिलेंस ने किए सौ बार सवाल यादव ने नहीं दिया कोई भी जवाब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। विजिलेंस की कस्टडी रिमांड में भी पूर्व आईएएस अधिकारी रामविलास यादव खामोश ही बैठे रहे। पांच घंटे की पूछताछ में भी विजिलेंस कुछ नहीं उगलवा सकी। उनके परिजनों को भी हाजिर होने के लिए कहा गया था, लेकिन नहीं पहुंचे। यादव को मेडिकल कराने के बाद शाम को जेल में दाखिल करा दिया गया। रामविलास यादव की विजिलेंस को मंगलवार शाम तक के लिए कस्टडी रिमांड मिली थी। विजिलेंस चाहती थी कि मकान से मिले दस्तावेजों को सत्यापित किया जा सके।

विजिलेंस को पिछले दिनों दून स्थित यादव के मकान से आठ रजिस्ट्री के कागजात मिले थे। यह सब रजिस्ट्रियां उनके या रिश्तेदारों के नाम पर हैं, लेकिन इन्हें खरीदने का स्रोत अभी तक यादव विजिलेंस को नहीं बता पाए हैं।



मंगलवार को जब उन्हें जेल से लाया गया तो सबसे पहले इन्हीं के बारे में पूछताछ की गई। पांच घंटे तक विजिलेंस ने 100 से ज्यादा सवाल किए, पर उन्होंने किसी का भी उत्तर नहीं दिया। चूंकि, यादव पहले अपनी पत्नी का नाम ले चुके हैं, तो विजिलेंस ने उन्हें भी हाजिर होने का नोटिस दिया था, लेकिन कोई हाजिर नहीं हुआ।

अब तक की जांच में विजिलेंस ने पाया कि यादव के पास उसकी आय से करीब 547 फीसदी संपत्ति अधिक है। विजिलेंस के सूत्रों के मुताबिक, यादव के परिजन बार-बार बुलाने पर भी नहीं आ रहे हैं।

ऐसे में अब उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए जल्द ही विजिलेंस कोर्ट में प्रार्थनापत्र दाखिल करने की तैयारी कर रही है। ताकि, उन्हें कानूनी नोटिस भेजा जाए या फिर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## फसल बीमा योजना पूरे प्रदेश में लागू, सेब, केसर, आम और लीची भी शामिल

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में मौसम की मार से प्रभावित रहने वाले किसानों के लिए राहत भरी खबर है। उप राज्यपाल प्रशासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और रिस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) को पूरे प्रदेश में लागू कर दिया है। खास बात है कि अब तक यह योजना जम्मू, सांबा, उधमपुर और अनंतनाग में कृषि फसलों तक सीमित थी। अब कृषि समेत बागवानी की मुख्य फसलों पर भी बीमा कवर लिया जा सकेगा।



मंगलवार को स्टेट लेवल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑन क्रॉप इंश्योरेंस ने दोनों योजनाओं को जम्मू-कश्मीर में लागू करने को मंजूरी दे दी। कमेटी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव डॉ. अरुण कुमार मेहता ने कहा कि प्रदेश के किसानों और बागवानों को अब विपरीत मौसम और आंधी से होने वाले आर्थिक नुकसान का बीमा कवर दिया जाएगा। इन योजनाओं के तहत कृषि में धान, मक्का, तिलहन गेहूं, केसर और बागवानी में सेब, आम और लीची फसलों को शामिल किया गया है। समिति की बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन के तरीके का प्रसतुतिकरण दिया गया। इसमें योजना को लागू करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई और इसे स्वीकृत कर तत्काल प्रभाव से प्रदेश के किसानों को समर्पित कर दिया।

जम्मू-कश्मीर केसर और सेब उत्पादन में विश्वविख्यात प्रदेश है। इन दो उच्च मूल्य वाली फसलों को बीमा कवर देने से लाखों किसानों और बागवानों को लाभ पहुंचेगा। वहीं, कंडी और मैदानी इलाकों में लीची व आम की फसल से जुड़े बागवान भी बीमा कवर मिलने से चिंतामुक्त हो सकेंगे।

फसल बीमा से जुड़ीं दोनों योजनाएं लागू करते समय उन अनियमितताओं को भी दूर किया जाएगा, जिसके चलते पहले से लागू योजनाओं पर अमल में बाधाएं आ रही थीं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि योजनाओं के मुख्य हितधारक किसान हैं। उन तक योजना का पूरा लाभ पहुंचे, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

# व्यावसायिक बकरी पालन के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर सृजित करेंगे : सौरभ बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री



आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अपने पहले ही कार्यकाल में लगातार इनोवेटिव आइडियाज़ के साथ मुख्यमंत्री धामी के भरोसेमंद युवा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मंत्रालयों को रफ़्तार दते हुए योजनाओं को धरातल पर ले जा रहे हैं। बीते कुछ ही महीने में अपनी बेहतरीन नेतृत्व क्षमता से कई बार युवा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रदेश को रूबरू कराया है। प्रदेश की सरकार में आजीविका और रोजगार के सबसे महत्वपूर्ण विभागों मत्स्य, डेयरी विकास एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए आत्मविश्वास और जोश से लबरेज़ नज़र आ रहे मंत्री बहुगुणा ने इस दौरान कई बड़े और पहाड़ की तरक्की में दूरगामी नतीजे देने वाले निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में हुयी इस स्टेट लेवल मीटिंग में सभी जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रदेश में व्यावसायिक बकरी पालन हेतु बकरी घाटी तैयार किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बकरियों के उत्पादन, परिवहन व विपणन आदि में सुगमता हेतु वर्तमान में चल रही इससे सम्बन्धित सभी योजनाओं के लिये विशेष क्षेत्र चिह्नित कर उस क्षेत्र को बकरी घाटी कलस्टर के रूप में विकसित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक बकरी पालन के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिससे ग्रामीण आर्थिकी और मजबूत होगी।

कैबिनेट मंत्री ने डेयरी विकास विभाग के अंतर्गत आँचल के दूध एवं दुग्ध पदार्थों की बिक्री हेतु मिल्क बूथों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों को तकनीकी निवेश सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से आंचल दुग्ध उत्पादक सेवा केन्द्रों की स्थापना की जाय। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को जनपदों में आँचल मिल्क बूथ स्थापित किये जाने हेतु सरकारी कार्यालयों एवं शहरी स्थानों में भूमि का चयन करते हुए उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने माह सितम्बर तक चारधाम यात्रा मार्गों में उक्त मिल्क बूथ एवं कैफे को स्थापित करने के भी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मत्स्य पालन विकास विभाग के अंतर्गत प्रत्येक जनपद में अमृत सरोवरों के निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, जिला योजना एवं राज्य योजना के अन्तर्गत मात्स्यिकी विकास हेतु कन्वर्जन्स कर कार्यक्रमों का संचालन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने रोजगार की अपार संभावनाओं के दृष्टिगत मात्स्यिकी क्षेत्र के विकास हेतु सभी जनपदों के अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से रूचि लेकर इस योजना को आगे बढ़ने पर बल दिया। बैठक में सचिव, डा0 वी0बी0आर0सी0 पुरुषोत्तम एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।






# बाइक पर तमंचा रखकर दौड़ा रहा था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिद्वार । सिडकुल पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक बाइक की टंकी के ऊपर तमंचा रखकर दौड़ा रहा था। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बाइक की टंकी पर तमंचा नहीं बल्कि पिस्तौल साफ नजर आ रही है। सिडकुल थाना प्रभारी प्रमोद उनियाल ने बताया कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा था। जिसके बाद पुलिस ने जांच की तो पाया गया कि वीडियो आजाद निवासी गांव तुगलपुर थाना खानपुर का है।

पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मामले की जांच कर रहे एसआई अर्जुन कुमार को मुखबिर ने सूचना दी कि चलती बाइक पर तमंचा रखकर वीडियो बनाने वाला आजाद केविन केयर तिराहे पर सड़क किनारे झोपड़ी के पास खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर



लिया। युवक ने बताया कि उसने स्टाइल मारने के लिए वीडियो बनाया था। थाना प्रभारी प्रमोद उनियाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसके पास से तमंचा बरामद कर लिया है। उसकी बाइक भी सीज कर दी है। पुलिस ने भले ही चंद घंटे में युवक को खोजकर उसकी गिरफ्तारी कर वाहवाही तो लूट ली, लेकिन वायरल वीडियो में तमंचा नहीं पिस्तौल नजर आ रही है। एसएसपी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है।

# व्यासी परियोजना को मिली नई जान, दोनों टरबाइन चलीं, दस लाख यूनिट से ऊपर उत्पादन

देहरादून। प्रदेश में बारिश होने के साथ ही व्यासी परियोजना को नई जान मिल गई है। अब यहां की दोनों टरबाइन चलनी शुरू हो गई हैं। इसके साथ ही बिजली का उत्पादन भी यहां प्रतिदिन दस लाख यूनिट पार होने लगा है। उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड के लिए शुरुआती बारिश राहत लेकर आई है। जिन परियोजनाओं पर पानी की किल्लत का असर था, उनकी रफ्तार बढ़ने लगी है। यमुना पर बनी व्यासी जल विद्युत परियोजना की दोनों टरबाइन चलने के बाद यहां से रोजाना बिजली उत्पादन भी बढ़कर 1.159 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया है।

उधर, रामगंगा जल विद्युत परियोजना को फिलहाल बंद किया गया है, जिससे करीब दो मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है। बरसात में इस डैम में पानी स्टोरेज बढ़ाने के लिए फिलहाल उत्पादन रोका गया है। उत्तरकाशी के तिलोथ में ओवरहालिंग का काम चल रहा है, जिससे बिजली उत्पादन प्रभावित हो रहा है। यूजेवीएनएल प्रबंधन का कहना है कि इन सबके बावजूद रोजाना 18 से 19 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। यूजेवीएनएल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी विमल डबराल ने बताया कि बरसात में पानी बढ़ने के बाद परियोजनाओं में उत्पादन भी बढ़ा है। रामगंगा के बंद होने के बावजूद उत्पादन 19 एमयू के आसपास ही चल रहा है। प्रदेश में पिछले कई दिनों से मानसूनी बारिश के बावजूद बिजली की मांग 50 मिलियन यूनिट का आंकड़ा छू रही है। यूपीसीएल के मुताबिक, मंगलवार को प्रदेश में 50.13 मिलियन यूनिट बिजली की मांग आंकी गई है, जिसके सापेक्ष 46.73 एमयू बिजली उपलब्ध है। बाकी 3.4 एमयू बिजली की आपूर्ति बाजार से खरीदकर की जा रही है। अगर कुछ कमी रही तो कुछ जगहों पर बिजली कटौती भी हो सकती है।

# एक हफ्ते में तैयार हो खेल विभाग की वेब साइट : रेखा आर्या





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में मंत्री रेखा आर्या ने पूर्व में खेल विभाग में किये गए कार्यो की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली।माननीया मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी की पूर्व में खेल विभाग की जो भी घोषणाएं हैं जिनमे खेल मैदान भी शामिल हैं वो कार्य कहाँ तक पहुंचे हैं,साथ ही ऐसे खेल के मैदान जिनमे जमीन सम्बंधी मामलों में तकनीकी पेच देखने को मिल रहे हैं इसको लेकर विभाग को निर्देशित कर दिया गया है। साथ इस संबंध में संबंधित जनप्रतिनिधियों को सूचना देने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

वहीं खेल विभाग के जारी हो चुके जिओ पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि राज्य में खेल छात्रवृत्ति का जीओ जारी हो चुका है।खेल छात्रवर्ती का जिओ जारी होने से प्रदेश के खिलाड़ियों को अपने खेल को निखारने का मौका मिलेगा।खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मा.मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी की उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत राज्य के 8 से 14 वर्ष तक के उदीयमान खिलाड़ियों को प्रति जनपद 150-150 बालक-बालिकाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये की खेल छात्रवर्ती दी जाएगी।इस पहल से प्रदेश के खिलाड़ियों का एक और जहाँ खेल कौशल विकसित होगा तो वहीं उन्हें खेलों से जुड़े रहने,भविष्य के लिए खिलाड़ी तैयार करने में विभाग को मदद मिलेगी।

मंत्री रेखा आर्या ने 8 से 14 वर्ष तक के बच्चों को छात्रवृत्ति दिए जाने को लेकर बताया कि आगामी 29 अगस्त जिस दिन खेल दिवस मनाया जाता है इस दिन खेल छात्रवृत्ति योजना का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के कर कमलों के द्वारा किया जाएगा।साथ ही जल्द ही इस संबंध में कार्ययोजना बनाये जाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खेल पॉलिसी के अंतर्गत जिन-जिन चीजों का जिओ जारी होना है इस बाबत अधिकारियों को निर्देश आज की बैठक में दिए गए हैं कि जल्द ही जिओ को जारी किया जाए।वित्त विभाग में कई जीओ लंबित हैं ,इस संबंध में खेल सचिव को वित्त सचिव से बात कर लंबित पड़े जीओ को जारी करने के निर्देश भी दिए गए । मंत्री ने खेल आरक्षण दिए जाने को लेकर बताया कि हमारे खिलाड़ियों को 4 प्रतिशत क्षेतिज आरक्षण दिए जाने की व्यवस्था थी लेकिन न्यायालय में यह मामला चल रहा है ऐसे में हम किस प्रकार से पुनः क्षेतिज आरक्षण को पुनर्जीवित कर सकते हैं ,इस संबंध में सम्बंधित अधिकारियों को इसका समाधान निकालने के निर्देश भी दिए गए।खेल मंत्री ने केरल,उड़ीसा व हरियाणा राज्यों के स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फण्ड का अध्ययन करने के दिये निर्देशमंत्री रेखा आर्या ने खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि प्रदेश में स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फण्ड बनाया जाएगा ताकि खेल विभाग वित्तीय रूप से सशक्त बन सके। मंत्री ने बताया कि केरल,हरियाणा और उड़ीसा राज्यो में यह व्यवस्था लागू है। मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को इन राज्यों के स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फण्ड का अध्ययन करने के निर्देश दिए ताकि खेल विभाग के लिए सीएसआर व अन्य मद से वित्तीय प्रबंधन हो सके जिससे खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो सकें ।

**खेल विभाग की वेबसाइट अपडेट नहीं होने पर नाराज हुई खेल मंत्री**

वहीं खेल मंत्री रेखा आर्या ने खेल विभाग की वेबसाइट अपडेट नहीं होने को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्री ने कहा कि उनके द्वारा पूर्व की बैठक में भी वेबसाइट को अपडेट करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन अधिकारियों की तरफ से इस और किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिया गया जो कि बेहद गंभीर विषय है। मंत्री ने जल्द से जल्द खेल विभाग की वेबसाइट को पूरी तरह से अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि वेबसाइट अपडेट होने से इसमें विभाग की सम्पूर्ण जानकारी कोई भी व्यक्ति आसानी से हासिल कर सकता है जिससे उसे खेल विभाग के बारे में हर एक जानकारी व विभाग की गतिविधि प्राप्त हो सकेगी।इस दौरान बैठक में सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग अभिनव कुमार , निदेशक खेल एवं युवा कल्याण डॉ. जीएस रावत ,संयुक्त निदेशक खेल एसके सारकी , उपनिदेशक खेल मनोज कुमार शर्मा जी, सहायक निदेशक खेल एसके डोभाल जी,संयुक्त निदेशक युवा कल्याण अजय कुमार अग्रवाल जी,उपनिदेशक युवा कल्याण शक्ति सिंह मौजूद रहे ।

# प्रदेशभर में मनेगा हरेला उत्सव, 15 लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 जुलाई को हरेला पर्व प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस दौरान वन विभाग ने प्रदेशभर में 15 लाख से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत पहली बार इस उत्सव पर 50 प्रतिशत से अधिक फलदार पौधे रोपे जाएंगे। इस संबंध में सोमवार को वन मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रदेशभर के वनाधिकारियों की बैठक ली।

राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय परिसर में मंथन सभागार में आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि इस बार क्षेत्र की भौगोलिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों के हिसाब से पौधों का चयन किया जाएगा। इसके लिए पौध और तकनीक वन विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

हरेला पर्व पर स्कूल, कॉलेज और वन पंचायतों की सहभागिता को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। पौधे लगाने के बाद वह जिंदा भी रहें और आने वाले समय में समाज को इनका लाभ मिले, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। वन मंत्री ने कहा कि वन पंचायतों को सुदृढ़ करने की दृष्टि से इस बार फलदार पौधरोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि भविष्य में वहां के लोगों की आजीविका इनसे जुड़ सके। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के प्रभागीय वन अधिकारी बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

सभी ने हरेला पर्व को लेकर अपनी तैयारियों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इससे उन्हें उम्मीद जगी है कि इस वर्ष हरेला के परिणाम अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा बेहतर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशस्तर पर मुख्यमंत्री और जिलास्तर पर प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, पर्यावरणविद और समाजसेवी लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव को भी पौधरोपण के साथ जोड़ा जाएगा। इसके लिए हर वन पंचायत में 75 पेड़ लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के ऊपर पर्यावरण को बचाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए इस जिम्मेदारी का अहसास करते हुए इसे जनता की आजीविका से भी जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वन मंत्री ने कहा कि पुलिस वन और मेरा वन जैसी तमाम दूसरी वाटिकाएं प्रदेशभर में विकसित की जाएंगी। इसके तहत स्कूल, कॉलेज और तमाम विभागों को यह जिम्मा सौंपा जाएगा। लोग इन वाटिकाओं में अपने, परिजनों और दिवंगतों के नाम से पौधे लगा सकेंगे। इन पौधों को जिंदा रखने और संवारने की जिम्मेदारी भी संबंधित व्यक्ति को ही दी जाएगी।

# सैबुवाला में बनी कृत्रिम झील, दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे धंसने का खतरा बढ़ा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



डोईवाला ब्लॉक के रानीपोखरी न्याय पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सूर्यधार बांध से लगभग तीन किमी आगे सैबुवाला गांव के पास बनी कृत्रिम झील बड़ी तबाही का कारण बन सकती है। झील का निर्माण पीएमजीएसवाई खंड नरेंद्र नगर के अंतर्गत इठराना-कालबना-कुखुई-मोटर मार्ग के निर्माण कार्य से निकले मलबे के नदी में गिराए जाने के कारण हुआ है।

इससे नदी का प्रवाह आंशिक रूप से रुक गया है। बता दें, उत्तराखंड में 2013 में आई जलप्रलय ने भी भारी तबाही मचाई थी, जिसके जख्म आज भी भरे नहीं है। सोमवार को सिंचाई खंड देहरादून, पीएमजीएसवाई खंड, देहरादून व नरेंद्र नगर के साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर झील का संयुक्त निरीक्षण किया। तहसीलदार मोहम्मद शादाब ने बताया कि झील लगभग 100 मीटर लंबी और 3.5 मीटर गहरी है। झील बनने का मुख्य कारण सड़क कटिंग से आया हुआ मलबा है। झील में लगभग 7875 घन मीटर पानी जमा होने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि झील को चौड़ी कर जमा पानी को निकालने पर विचार चल रहा है। मानसून काल शुरू हो चुका है। यदि भारी बारिश हुई तो मलबा जाखन नदी पर निर्माणाधीन पुल तक पहुंच सकता है। संभावना है कि भारी बारिश से जाखन नदी का प्रवाह अवरुद्ध हो सकता है। जिससे डाउनस्ट्रीम के सैबुवाला, खरक, कैरवान, मालकोट, सूर्यधार बांध, रानीपोखरी ग्रांट आदि गांवों और सड़कों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

पीएमजीएसवाई नरेंद्र नगर खंड को मलबा आदि को निस्तारित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई के लिए कहा गया है। वहीं विकासनगर में हाल ही में बने व्यासी जलविद्युत परियोजना के बांध के मुहाने के पास पानी रोकने के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार (वायरक्रेट) जलस्तर बढ़ने से धंस गई। हालांकि, अधिकारियों का दावा है कि यह एक सामान्य प्रक्रिया है।

# नाटो देशों ने स्वीडन, फिनलैंड को सदस्य बनाने संबंधी प्रोटोकॉल पर किए हस्ताक्षर, रूस को अलग-थलग करने की कोशिश तेज

ब्रुसेल्स, एजेंसी। नाटो के 30 सहयोगियों ने स्वीडन, फिनलैंड को सदस्य बनाने के प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अब दोनों देशों का सदस्यता संबंधी अनुरोध विधायी मंजूरी के लिए गठबंधन की राजधानियों को भेजा गया। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस को रणनीतिक तौर पर अलग-थलग करने के प्रयास के तहत यह कार्रवाई की गई। नाटो महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, यह फिनलैंड, स्वीडन व नाटो के लिए ऐतिहासिक क्षण है।

हालांकि गठबंधन में समझौते के बावजूद, तुर्की इन दोनों देशों को अंतिम रूप से शामिल करने पर अभी भी बाधा खड़ी कर सकता है। इसके पीछे तुर्की के नेता रजब तैयब एर्दोगॉन की वह चेतावनी है जिसमें उन्होंने तुर्की की संसद द्वारा समझौते के अनुमोदन से इनकार की बात कही थी। स्वीडन-फिनलैंड के लिए यह एक बाधा है क्योंकि नाटो में उन्हें शामिल करने को अंतिम रूप देने के लिए सभी 30 देशों के औपचारिक अनुमोदन की जरूरत होगी।

अभी मतदान नहीं कर सकेंगे दोनों देश

प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर होने का मतलब स्वीडन और फिनलैंड के नाटो खेमे में और अधिक जगह बनाने से है। करीबी साझेदार के रूप में, वे पहले ही गठबंधन की कुछ बैठकों में भाग ले चुके हैं। दोनों देश अब आधिकारिक आमंत्रितों के रूप में, राजदूतों की सभी बैठकों में भाग ले सकते हैं। लेकिन उनके पास मताधिकार नहीं होगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा लुहांस्क की महीनों से जारी लड़ाई में अपनी जीत की घोषणा करने के बाद यूक्रेनी फौज शहर से बाहर आ गई। इसके बाद उसने दोनेस्क में दूसरे अहम मोर्चों पर मोर्चा संभाल लिया है। यूक्रेन किसी भी सूरत में इसे खोना नहीं चाहता है। इसके लिए उसने यहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। लुहांस्क को खोने के बाद अब यूक्रेन की सेना दोनेस्क के लिए नई रक्षात्मक रणनीति तैयार कर रही है। उधर, पुतिन ने दोनेस्क के सैन्य ठिकानों पर कब्जा करने का आदेश दे दिया है।

रूसी हमलों से अपनी जान बचाकर दिनीप्रो के शरणार्थी शिविर में शरण लेने वाली नीना ने बताया कि शहर में हर तरफ रूस के हवाई हमलों के निशान हैं। यहां अब कुछ नहीं बचा है। यह शहर दुनिया का सबसे बुरा चेहरा बन चुका है। यहां मानवीय आधार पर कोई वितरण केंद्र तक नहीं बचा है। सब कुछ खत्म हो गया है। यहां लोगों के मकान अब खंडहर में तब्दील हो चुके हैं।



# पाकिस्तान में तेज बारिश से तीन बच्चों समेत छह की मौत, बलोचिस्तान में अचानक आई बाढ़ से कई लोग लापता

क्वेटा, एजेंसी। दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान समेत देश के कई हिस्सों में तेज बारिश के चलते तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई है। मौतों का बड़ा कारण मकानों की छत का गिरना है। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। इस बीच दक्षिण-पश्चिम बलोचिस्तान में अचानक आई बाढ़ से कई लोग लापता भी हैं।


आपदा प्रबंधन निकाय के मुताबिक, अभी मृतक संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि दक्षिण-पश्चिमी बलोचिस्तान प्रांत के दूरदराज के इलाकों में रात को अचानक आई बाढ़ से कई लोग लापता हो गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि सोमवार से शुरू हुआ मूसलाधार बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा, जिससे बलोचिस्तान में दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। जून के बाद से वर्षा जनित घटनाओं में 38 लोगों की जान गई है और पाकिस्तान में 200 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहर और उसके आसपास बाढ़ की आपात स्थिति में सैकड़ों घर जलमग्न हो गए हैं, जिससे 50,000 लोग प्रभावित हुए हैं। आपातकालीन सेवा प्रबंधक एशले सुलिवन ने कहा, सिडनी क्षेत्र में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों और घरों के भीतर कारों में फंसे लोगों के लिए रात भर चले अभियान में 100 लोग बचाए गए हैं।

क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के चलते बांध ओवरफ्लो हैं और जलमार्गों ने अपने किनारे तोड़ दिए हैं। यहां पिछले 16 माह में चौथी बार बाढ़ आई है। न्यू साउथ वेल्स की राज्य सरकार ने 23 क्षेत्रों में आपदा की घोषणा की है। दक्षिणी सिडनी के कुछ हिस्सों में 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है।



# देश की पहली कोरोना टैबलेट सीडीएल कसौली में परीक्षण के पहले चरण में पास, अब होंगे क्लीनिकल ट्रायल




नई दिल्ली, एजेंसी। देश की पहली कोरोना टैबलेट (गोली) पहले चरण के परीक्षण में खरी उतरी है। सेंट्रल ड्रग्स लैब (सीडीएल) कसौली ने परीक्षण में टैबलेट की गुणवत्ता और क्षमता को जांचा।

इसमें वीएक्सए-जीओवी 2 एंटरिक कोटेड टैबलेट ने पहले चरण को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। अब इसके क्लीनिकल ट्रायल शुरू होंगे। इस टैबलेट को बंगलूरू की सिनजिन कंपनी ने अमेरिका से आयात किया है। कंपनी ने इस साल के अंत तक दवा को बाजार में उतारने का दावा किया है। बताया जा रहा है यदि सभी ट्रायल सफल हुए तो यह टैबलेट खाते ही कोरोना रोगी पर असर दिखना शुरू हो जाएगा और वह कुछ दिनों में स्वस्थ हो जाएगा।

इसके बाजार में आने के बाद कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाने से भी छुटकारा मिलेगा और शरीर में एंटीबॉडी जल्द बनेंगी। सीडीएल कसौली में टैबलेट की गुणवत्ता और क्षमता को जांचा गया है। हालांकि, बाजार में उतारने से पहले कोरोना टैबलेट को परीक्षण के दो और चरणों से गुजरना होगा। इसी के साथ वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल भी होंगे। इसकी रिपोर्ट कंपनी को ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) को देनी होगी। सीडीएल कसौली में टैबलेट का परीक्षण मई में शुरू हुआ था। अगर यह हर पैमाने पर खरी उतरती है तो यह देश की पहली कोरोना टैबलेट होगी। सीडीएल कसौली की वेबसाइट पर इसकी पुष्टि हुई है।

पहला चरण पार करने के बाद दूसरा परीक्षण 10 अगस्त से शुरू होगा। इसके लिए कंपनी की ओर से प्रक्रिया पूरी की जा रही है। यही नहीं, कंपनी इसके ट्रायल बैच फिर सीडीएल कसौली में परीक्षण के लिए भेजेगी। भारत में अब तक कोविशील्ड, कोवैक्सीन, स्पुतनिक-वी, मोडर्ना, जॉनसन एंड जॉनसन, जायकॉव डी, कोर्बेवैक्स, कोवोवैक्स, स्पुतनिक लाइट समेत अन्य कोरोना वैक्सीन को डीसीजीआई मंजूरी दे चुकी है।

# भारत दौरे के लिए अभी से तैयारी कर रहा ऑस्ट्रेलिया



मेलबोर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की टीम भले ही श्रीलंका दौरे पर गई हो लेकिन उनका पूरा ध्यान अगले साल होने वाले भारत दौरे पर है। पहले टेस्ट में जीत के बाद अगले टेस्ट में ड्रॉ भी एशिया में उन्हें लगातार दूसरी सीरीज़ जिता सकता है। इससे पहले उन्होंने इसी साल पाकिस्तान को हराया था, जो कि ऑस्ट्रेलिया की एशिया में 11 साल बाद कोई पहली टेस्ट सीरीज़ जीत थी। 2004 के बाद से ऑस्ट्रेलिया भारत में कोई सीरीज़ नहीं जीत सका है।

जहां आशा के विपरीत पाकिस्तान ने तीनों टेस्ट मैच में बल्लेबाज़ों के अनुकूल पिच दी , जहां पर गेंद मुश्किल से टर्न कर रही थी। वहीं श्रीलंका ने गॉल में रैंक टर्नर पिच दी , जिसे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों ने अब तक की सबसे मुश्किल पिच कहा। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों ने इसका पूरा फ़ायदा उठाते हुए मैच में कुल 18 विकेट झटके, जिसमें पार्ट टाइम स्पिनर भी शामिल थे।

अगले साल भारत में भी ऑस्ट्रेलिया कुछ ऐसी ही पिचों की उम्मीद कर रहा है। उनके असिस्टेंट कोच डैनियल वेटोरी ने कहा, अलग-अलग जगहों पर परिस्थितियां अलग-अलग होंगी। अगर आप मोहाली में खेलते हैं तो विकेट पाकिस्तान जैसी फ्लैट मिल सकती है, वहीं अगर आप वानखेड़े में खेलते हैं तो वह गॉल जैसा स्पिन करेगी।'

साथ ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ अब स्वीप शॉट के द्वारा ज़्यादा रन बनाने का प्रयास कर रहे हैं।। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की लगभग 45.7 प्रतिशत बाउंड्री या तो स्वीप या रिवर्स-स्वीप के द्वारा आए थे। साल 2016 में श्रीलंका में उनकी 3-0 की हार में यह प्रतिशत 20.8 था।

वेटोरी ने कहा, कई मायनों में भारत में वह स्वीप करते हुए बाउंड्री बटोरने में इतना सफल नहीं होंगे। जो खिलाड़ी लोग बहुत अच्छी तरह से स्वीप करते हैं उन्होंने जितना संभव हो उतना जोर देने की कोशिश की और बाउंड्री बटोरने का प्रयास किया। ऐलेक्स कैरी ने शायद सबसे स्वीप करने का प्रयास किया था। उन्होंने कुल 12 ऐसे स्वीप शॉट मारे थे जिसमें उन्हें रन मिला था।

## बड़ा ऐलान : महिला खिलाड़ियों को मिलेगा पुरुष क्रिकेटरों के बराबर पैसा

नई दिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटरों को भी अब इंटरनेशनल और शीर्ष स्तर के घरेलू मैचों के लिए पुरुष क्रिकेटरों के बराबर पैसा मिलेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ऐलान किया है कि प्रोफेशनल वुमेंस और मेंस क्रिकेटरों को एक ही खेल के लिए समान वेतन मिलेगा। इसके लिए पांच साल की डील हुई है, जिसमें व्हाइट फर्न्स और घरेलू महिला खिलाडियों को एकदिवसीय, टी20आई, फोर्ड ट्रॉफी और सुपर स्मैश स्तर सहित सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में पुरुषों के समान मैच फीस मिलेगी। यह एग्रीमेंट न्यूजीलैंड में महिला क्रिकेटरों को दिए जाने वाले अनुबंधों की संख्या को भी बढ़ाता है और उभरते खिलाडियों के लिए उपलब्ध प्रतिस्पर्धी मैचों की संख्या को बढ़ाता है। व्हाइट फर्न्स की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि यह एग्रीमेंट महिला क्रिकेट के लिए एक गेम-चेंजर होगा। डिवाइन ने कहा, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू महिला खिलाडियों के लिए पुरुषों के साथ एक ही एग्रीमेंट में मान्यता प्राप्त होना बहुत अच्छा है।

## चीन के हेंग, हुआंग ने मलेशिया ओपन मिश्रित युगल का खिताब जीता

क्वालालंपुर (एजेंसी)। चीन के हेंग सिवेई और हुआंग याकिओंग ने मलेशिया ओपन बैडमिंटन 2022 में मिश्रित युगल खिताब जीत लिया। क्वालालंपुर में एक्सियाटा एरिना में हेंग और हुआंग ने थाईलैंड के डेचापोल पुवारानुक्रोह और सप्सिरी तेरत्तनाचाई पर 21-13, 21-18 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल विश्व नंबर 1 डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने जापान के केंटो मोमोटा को हराकर अपना पहला मलेशियाई ओपन खिताब अपने नाम किया। 28 वर्षीय शटलर ने दुनिया के दूसरे नंबर के शटलर के खिलाफ एकतरफा मैच 21-4, 21-7 से जीता, जिन्होंने 34 मिनट के मुकाबले में संघर्ष किया। थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन ने कड़े मुकाबले में चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन युफेई को 21-15, 13-21, 21-16 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। महिला युगल में इंडोनेशिया की अप्रियानी रहयु और सिटी फादिया सिल्वा रामधनती ने चीन की झांग शुक्सियन और झेंग यू को 21-18, 12-21, 21-19 से हराया। पुरुष युगल का खिताब जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को मिला, जिन्होंने अपने इंडोनेशियाई विरोधियों फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियान्टो को 24-22, 16-21, 21-9 से मात दी।

# सोने में अपवर्ड ट्रेंड जारी, चांदी भी चमकी

नईदिल्ली (एजेंसी)। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के भावों में लगातार बढ़ता का रुख बरकरार है. एमसीएक्स सोना अगस्त वायदा पिछले बंद से 0.12त्न यानी 65 रुपये की तेजी के साथ दो महीने के उच्च स्तर 52, 187 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता हुआ देख गया है. चांदी सितंबर वायदा 0.49त्न बढ़कर 58,774 रुपये पर कारोबार करता हुआ देखा गया है.

बता दें, पिछले कुछ महीनों में सोने पर दबाव रहा है, क्योंकि दुनिया भर के प्रमुख केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति पर काबू पाने के अपने प्रयास में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है. भारत में पीली धातु शुक्रवार तक सीमित दायरे में कारोबार करती हुई देखी गई थी. इसके बाद सरकार द्वारा आयात शुल्क में बढ़ोतरी से कीमती धातु में बढ़त देखी गई है.

बता दें, सोमवार को सोना अगस्त वायदा 52,122 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. वहीं, एमसीएक्स चांदी सितंबर वायदा 58,488 रुपये प्रति किलो पर बंद हुआ था. वैश्विक बाजारों में सोने का भाव 1,809.45 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा.नई दिल्ली, मुंबई, केरल हैदराबाद और कोलकाता में 22 कैरेट सोने के रेट 48,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हैं. पुणे और अहमदाबाद में 22 कैरेट सोने के रेट 48,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता हुआ देखा गया है. जयपुर और लखनऊ में 22 कैरेट सोने के रेट 48,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हैं. मुंबई, दिल्ली और कोलकाता में चांदी के भाव 57,800 रुपये प्रति किलो पर हैं. बेंगलुरु, हैदराबाद और केरल में चांदी के रेट 64,000 रुपये प्रति किलो पर बोले जा रहे हैं.

# रुट और बेयरस्टो के अर्धशतक इंग्लैंड को मिली जीत की सुगंध

बर्मिंघम (एजेंसी)। जो रुट (नाबाद 76) और जानी बेयरस्टो (नाबाद 72) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 150 रन की अविजित साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 378 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन तीन विकेट पर 259 रन बना लिए। इंग्लैंड को यह मैच जीतने और सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल करने के लिए 119 रन की जरूरत है जबकि सीरीज 3-1 से जीतने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सात विकेट निकालने की जरूरत है। मैच में इस समय इंग्लैंड का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

भारत ने इससे पहले चेतेश्वर पुजारा (66) और ऋषभ पंत (53) के शानदार अर्धशतकों से दूसरी पारी में 245 टीम बनाये और मेजबान टीम के सामने जीत के लिए 378 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। चायकाल के बाद इंग्लैंड ने पहली ही गेंद पर ओली पॉप का विकेट गंवाया। बुमराह की गेंद पर पॉप विकेटकीपर पंत के हाथों लपके गए। एलेक्स लीज दूसरा विकेट गिरने के दो रन बाद एक सिंगल लेने की गलतफहमी में मोहम्मद शमी के थ्रो पर रवींद्र जडेजा के हाथों रन आउट हो गए।

तीसरा विकेट 109 रन के स्कोर पर गिरने के बाद रुट और बेयरस्टो ने चौथे विकेट के लिए 150 रन की मजबूत अविजित साझेदारी कर इंग्लैंड को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया।

स्टंप्स के समय रुट 112 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद 76 और बेयरस्टो 87 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के के सहारे नाबाद 72 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इंग्लैंड के तीन विकेटों में से दो भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह के हिस्से में गए जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।



इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 107 रन की ओपनिंग साझेदारी की। चायकाल से पहले कप्तान जसप्रीत बुमराह ने ओवर संभाला और जैक क्रॉली को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिला दी। जैक क्रॉली ने 76 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 46 रन बनाये।

इससे पहले भारत ने कल के तीन विकेट पर 125 रन से आगे खेलना शुरू किया। चेतेश्वर पुजारा ने 50 और ऋषभ पंत ने 30 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों स्कोर को 153 रन तक ले गए। पुजारा इस स्कोर पर स्टुअर्ट ब्रॉड की गेंद पर आउट हुए। पुजारा ने 168 गेंदों पर 66 रन में आठ चौके लगाए द्य अय्यर 19 रन बनाने के बाद मैथ्यू पॉट्स की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

पंत लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में स्लिप में आसान कैच दे बैठे। पंत ने 86 गेंदों पर 57 रन में आठ चौके लगाए। पहली पारी के शतकधारी रवींद्र जडेजा 23 रन बनाकर नौवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। जसप्रीत बुमराह आखिरी बल्लेबाज के रूप में 245 के स्कोर पर आउट हुए। मोहम्मद शमी ने 13 रन बनाये।

इंग्लैंड की तरफ से बेन स्टोक्स ने 33 रन पर सर्वाधिक चार विकेट लिए जबकि ब्रॉड और पॉटस को दो-दो विकेट मिले।

# शेयर बाजार में कागज कंपनियों की बल्ले-बल्ले, सिंगल यूज वाले प्लास्टिक उत्पादों पर रोक से मिल रहा फायदा

नईदिल्ली (एजेंसी)। एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक से बनी वस्तुओं पर पाबंदी का लाभ कागज उद्योग की कंपनियों को मिल रहा है और उनके शेयर चढ़ गए हैं. बीते एक महीने में सेषसायी पेपर समेत कागज विनिर्माता कंपनियों के शेयरों में तीन से आठ प्रतिशत की बढ़त हुई है, वह भी तब जबकि इस दौरान बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी में पांच फीसदी की गिरावट आई है.

एक महीने के दौरान सेषसायी पेपर एंड बोर्ड्स के शेयर 7.80 फीसदी चढ़ गए. तमिलनाडु न्यूजप्रिंट एंड पेपर्स के शेयर 7.07 प्रतिशत, सतिया इंडस्ट्रीज के 5.54 फीसदी और वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स के शेयर 3.15 फीसदी चढ़ गए.

इसी अवधि के दौरान (31 मई से एक जुलाई) सेंसेक्स में 4.78 फीसदी की और निफ्टी में 5.01 प्रतिशत की गिरावट आई.

जिन एसयूपी उत्पादों पर पाबंदी लगाई गई है उनमें ईयरबड, गुब्बारे के लिए प्लास्टिक की छड़ें, झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, पॉलीस्टाइनिन (थर्मोकोल), प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, पुआल, ट्रे, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट, 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक या पीवीसी बैनर और स्टिरर शामिल हैं.

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में खुदरा अनुसंधान के प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, ''देखा जाए तो इस कागज बनाने वाली कंपनियों को इस प्रतिबंध का लाभ मिलना चाहिए लेकिन ज्यादातर पेपर कंपनियां इस तरह के उत्पाद नहीं बनाती हैं और निकट भविष्य में वे इनके उत्पादन के क्षेत्र में उतरने वाली भी नहीं हैं.''

# तीन डॉलर महंगा हुआ क्रूड ऑयल

नईदिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है. पिछले 24 घंटे में क्रूड ऑयल(कच्चे तेल) के दामों में तेजी आई है. ब्रेंट क्रूड के दामों में तीन डॉलर की बढ़ोतरी आयी है. कच्चे तेल की कीमतें 111 से बढ़कर 114 हो गई है. इस बीच सरकारी तेल की कंपनियों ने मंगलवार को भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. यानी आज भी पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं. दिल्ली में मंगलवार को पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है. नोएडा में पेट्रोल 96.57 रुपये प्रति लीटर है तो डीजल की कीमतें 89.96 रुपये हैं. वहीं, मुंबई में पेट्रोल 109.27 रुपये और डीजल 95.84 में बिक रहा है. वहीं. कोलकाता में 106 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल के दाम हैं तो डीजल की कीमतें 92.76 रुपये प्रति लीटर हैं. चेन्नई में पेट्रोल 109.63 रुपये और डीजल 95.84 रुपये प्रति लीटर है.पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये है. पोर्टब्लेयर में पेट्रोल की कीमतें 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये में बिक रहा है. यहां पर पेट्रोल-डीजल के दाम सबसे कम हैं. इससे पहले सोमवार को भी तेल की कीमतें नहीं बढ़ाई गई थी. पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर होने से करोड़ों लोगों को राहत है. करीब दो माह पहले इसकी कीमतें रोजाना बढ़ती थी.

# बीजेपी का आतंकवादियों से है नाता : कांग्रेस

नई दिल्ली (एजेंसी) । कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 1 सप्ताह में घटी दो घटनाओं ने भाजपा के चाल चरित्र और चेहरा को बेनकाब कर दिया है। पवन खेड़ा ने कहा कि पहले उदयपुर हत्याकांड में शामिल आरोपी बीजेपी का कार्यकर्ता निकलता है तो उसके बाद जम्मू-कश्मीर में पकड़े गए लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों में से तालिब हुसैन शाह बीजेपी का पदाधिकारी निकला जिसकी देश के गृह मंत्री के साथ एक तस्वीर है। पवन खेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब जब इस तरह की किसी साजिश में पकड़ी जाती है सब कहते हैं कि उनका उनसे कोई संबंध नहीं है। पवन खेड़ा ने कहा कि तालिब हुसैन शाह जब पकड़ा गया तब पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर हमले की योजना बना रहा था। पवन खेड़ा ने कहा कि राष्ट्रवाद की बात करने वालों के लिए क्या यह शर्म की बात नहीं है। पहला या दूसरा मौका नहीं है जब भाजपा के नेता या कार्यकर्ता किसी आतंकी गतिविधियों में लिप्त पाए गए है ऐसी कई घटनाएं है। खेड़ा ने कहा कि करीब 2 साल पहले जम्मू कश्मीर में एक ऐसा ही मामला सामने आया जब आतंकवादियों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में बीजेपी के पूर्व नेता एवं सरपंच तारिक़ अहमद मीर को गिरफ्तार किया गया था। अहमद पर हिजबुल कमांडर नवेद बाबू को हथियार देने का आरोप था जो आतंकियों की मदद करने वाले डीएसपी दविंदर सिंह के साथ गिरफ्तार हुआ था। एनआईए ने साफ तौर पर कहा भी था कि तारिक़ अहमद मीर दविंदर सिंह का सहयोगी है। यदि



दविंदर सिंह के मामले की ढंग से जांच होती तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता लेकिन जांच बीच में ही रोक दी गई।पवन खेड़ा ने कहा कि साल 2017 में मध्यप्रदेश की वो घटना आपको याद होगी जब एटीएस की टीम ने अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का पर्दाफाश करते हुए ढ्ढस्ढ्ढ के 11 संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। इनमें एक बीजेपी आईटी सेल का सदस्य ध्रुव सक्सेना भी शामिल था। जिसकी राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ तस्वीर वायरल हुई थी। पवन खेड़ा ने कहा कि इसके 2 साल बाद मध्यप्रदेश में बजरंग दल के एक नेता बलराम सिंह की गिरफ्तारी टेरर फंडिंग के आरोप में हुई थी। पवन खेड़ा ने कहा कि वर्ष 2017 में एनआईए की विशेष अदालत ने आतंकियों को आर्थिक मदद देने के आरोप में असम के भाजपा नेता निरंजन होजाई को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। इन्हें एक हजार करोड़ के वित्तीय घोटाले एवं टेरर फंडिंग मामले में दोषी पाया गया था। इनकी फंडिंग से मिले पैसों से आतंकवादी हथियार आदि खरीदते थे जिसका इस्तेमाल देश की सेवा में लगे हमारे सुरक्षा बलों के खिलाफ होता था। पवन खेड़ा ने कहा कि इतना ही नहीं बीजेपी सत्ता के लिए अपराध सिद्ध आतंकवादी को भी टिकट देने से नहीं चुकी है। इसी भारतीय जनता पार्टी ने मसूद अजहर के शागिर्द मोहम्मद फारुख खान को स्थानीय चुनाव में श्रीनगर के वार्ड नंबर 33 से टिकट दिया था। जो जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट एवं हरकत उल मुजाहिदीन का सदस्य रह चुका है।पवन खेड़ा ने कहा कि ऐसे में हम मीडिया के माध्यम से देश के लोगों से अपील करते हैं कि आप भाजपा के खोखले राष्ट्रवाद को पहचानिए। राष्ट्रवाद की आड़ में ये देश को खोखला करने का घिनौना खेल खेल रहे हैं। फोन खेड़ा ने कहा कि मुकुल शर्मा भाजपा की और रियाज अटारी भाजपा पार्टी में थे। पवन खेड़ा ने कहा कि मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं खुद को मेंस्ट्रीम में रहने के लिए इतने फ्रिज वाले हैं आप लोगों ने।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश का अलर्ट, दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में बरसेंगे बादल

नई दिल्ली (एजेंसी) । देशभर में अब मॉनसून का असर दिखने लगा है। कई राज्यों में बारिश गर्मी से राहत दिला रही है तो पूर्वोत्तर राज्यों समते बिहार में बाढ़ जन-जीवन प्रभावित कर रही है। मुंबई में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि 5,7 और 8 जुलाई को भारी बारिश हो सकती है। वहीं रत्नागिरि और रायगढ़ में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने कहा कि अगले पांच दिन में महाराष्ट्र में भारी से भारी बारिश हो सकती है। बता दें कि मंगलवार को मुंबई और आसपास के इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटे में मुंबई और आसपास के इलाकों में फिर बारिश के आसार हैं। महाराष्ट्र में बारिश का अलर्ट देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 11 टीमें तैनात की गई हैं।

बता दें कि महाराष्ट्र में कोंकण तट पर नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।



घाट इलाकों में एनडीआरएफ की दो टीमों को तैनात किया गया है। वहीं मुंबई में बारिश के बाद सडक़ों पर जलभराव हो गया। कई जगहों पर यातायात प्रभावित हुआ। रेल यातायात पर भी बारिश का असर पड़ा है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक राजधानी दिल्ली में 7 जुलाई को हल्की बारिश होने की संभावना है। स्काईमेट वेदर की मानें तो मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा. छत्तीसगढ़, दक्षिण पूर्व राजस्थान, कोंकण और गोवा, कर्नाटक और गुजरात में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं हिमाचल प्रदेशष जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड औरओडिशा के कुछ हिस्सों में मध्मय से तेज वर्षा हो सकती है। उत्तर प्रदेश, झारखंड, एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।

यहां हो सकती है भारी बारिश

मौसम विभाग का कहना है कि गुजरात, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, तटीय आंध्र प्रदेशष तेलंगाना, केरल, तटीय कर्नाटक में अगले पांच दिनों में भारी बारिश की संभावना है। गुजरात और मध्य महाराष्ट्र में 7 और 8 जुलाई को तेज बारिश हो सकती है। वहीं हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, सोलम, सिरमौर और मंडी में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

# खराब मौसम के चलते रोकी गई अमरनाथ यात्रा, 3000 श्रद्धालुओं को कैंप में ठहराया

श्रीनगर (एजेंसी) । अमरनाथ यात्रा को खराब मौसम के चलते मंगलवार को रोक दिया गया है। यात्रा फिलहाल अस्थायी तौर पर रोकी गई है, मौसम ठीक होते ही इसे दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम और बालटाल दोनों तरफ से पवित्र गुफा की ओर यात्रियों का आवागमन फिलहाल रोक दिया गया है। बताया जाता है कि बारिश और मौसम प्रतिकूल रहने के चलते यह फैसला लिया गया है। जैसे ही मौसम में सुधार होगा यात्रा फिर से शुरू हो जाएगी। इसके चलते करीब 3000 श्रद्धालुओं को पहलगाम के नुनवान बेस कैंप में ठहराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कड़ी सुरक्षा के बीच 239 वाहनों में कुल 6,351 तीर्थयात्री यहां भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुए. इनमें 4,864 पुरुष, 1,284 महिलाएं, 56 बच्चे, 127 साधु, 19 साध्वी और एक ट्रांसजेंडर है। उन्होंने बताया कि बालटाल आधार शिविर के लिए जाने वाले 2,028 तीर्थयात्री 88 वाहनों में तडक़े करीब तीन बजकर 35 मिनट पर सबसे पहले रवाना हुए, इसके बाद कश्मीर में पहलगाम शिविर के लिए 4,323 तीर्थयात्रियों को लेकर 151 वाहनों का दूसरा काफिला रवाना हुआ। बता दें कि बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 43 दिन की वार्षिक यात्रा दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पारंपरिक 48 किलोमीटर के नुनवान मार्ग और मध्य कश्मीर के गांदरबल में 14 किलोमीटर के बालटाल मार्ग से 30 जून को शुरू हुई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### चीन, अमेरिका ने आर्थिक मुद्दों पर बातचीत की

बीजिंग (एजेंसी) । चीन के उप प्रधानमंत्री लियू हि और अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने मंगलवार को व्यापक आर्थिक स्थिति और वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता पर चर्चा की। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दोनों नेताओं ने व्यापक आर्थिक स्थिति और वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता जैसे विषयों पर व्यावहारिक और स्पष्ट विचारों का आदान-प्रदान किया। बातचीत के दौरान श्री लियू ने चीन पर अमेरिकी प्रतिबंध , अतिरिक्त शुल्क और चीनी उद्यमों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चिंता व्यक्त की।

### इटली के पांच क्षेत्रों में सूखा आपातकाल घोषित

रोम (एजेंसी) । इटली ने 70 वर्षों में सबसे भीषण सूखे का सामना कर रहे देश की लंबी'पो नदी' के आसपास के पांच उत्तरी क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है । कृषि संघ 'कोल्डिरेट्टी' ने कहा कि सूखे ने इटली की 30 प्रतिशत से अधिक कृषि उपज को खतरे में डाल दिया है। एमिलिया-रोमाग्ना, फ्र्यूली वेनेजिया गिउलिया, लोम्बार्डी, पीडमोंट और वेनेटो को पानी की कमी से निपटने के लिए आपातकालीन निधि में 36.5 मिलियन यूरो दिए जाएंगे। असामान्य गर्म मौसम, सर्दियों और वसंत ऋतु में कम वर्षा के कारण उत्तरी इटली में पानी की कमी हो जाती है। सरकार ने कहा, आपातकाल लागू करने का उद्देश्य असाधारण साधनों और शक्तियों के साथ मौजूदा स्थिति का प्रबंधन करना है। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगे और कदम उठाए जाएंगे।

### जापानी जलक्षेत्र में घुसे दो चीनी जहाज

टोक्यो (एजेंसी) । चीन के दो जहाजों के पूर्वी चीन सागर में सेनकाकू द्वीप समूह से जापान के जलक्षेत्र में प्रवेश करने की घटना सामने आयी है। जापान के तटरक्षक बल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनएचके वर्ल्ड ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि चीनी जहाजों ने सुबह स्थानीय समयानुसार करीब 04.30 बजे उत्सुरी द्वीप से जापानी जलक्षेत्र में प्रवेश किया और एक मछली पकडऩे वाली नाव से संपर्क करने की कोशिश की। उन्होंने आगे कहा कि सुबह 04.50 बजे तक चीनी जहाज उत्सुरी द्वीप से लगभग 19 से 21 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में जापानी जलक्षेत्र में नौकायन कर रहे थे। इस साल यह 12वीं बार है , जब चीनी सरकारी जहाजों को द्वीपों से जापानी जल में प्रवेश करते देखा गया है।

### इंडोनेशिया के समुद्र में लापता 15 मछुआरों की तलाश जारी

जकार्ता (एजेंसी) । इंडोनेशिया के अराफुरा सागर में एक नौका के डूबने से लापता हुए 15 मछुआरों की तलाश जारी है। इंडोनेशिया के पापुआ प्रांत के मेरौके डिस्ट्रिक्ट में खोज और बचाव कार्यालय के प्रवक्ता दर्मवान विडी ने कहा कि केएम सेतिया मकमुर-06 नौका गत शनिवार को खराब मौसम के कारण समुद्र में तेज लहरों की चपेट में आकर डूब गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद तलाश और बचाव अभियान चलाया गया। घटनास्थल के पास मछली पकडऩे वाली कई अन्य नौकाओं को अभियान में मदद करने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि नाव में 25 लोग सवार थे , जिनमें 10 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, लेकिन 15 अन्य अभी लापता हैं। लापता लोगों की खोजबीन के लिए आज एक नौसेना के युद्धपोत की भी मदद ली जायेगी।

### डेनमार्क के शॉपिंग मॉल में ताबड़तोड़ फायरिंग, तीन की मौत; 22 वर्षीय हमलावर गिरफ्तार

कोपेनहेगन (एजेंसी) । डेनमार्क में कोपेनहेगन स्थित सबसे बड़े शॉपिंग मॉल में एक बंदूकधारी ने गोलीबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। पुलिस प्रमुख सोरेन थॉमसन ने बताया कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से राइफल और गोलाबारूद भी बरामद किया गया है।
उन्होंने कहा कि हमले का मकसद अभी स्पष्ट नहीं है , हालांकि इसे आतंकवादी कृत्य मानने से भी इंकार नहीं किया जा सकता। पुलिस का कहना है कि उनके पास ऐसे कोई संकेत नहीं है कि घटना में अन्य हमलावर भी शामिल थे। उन्होंने दुकान मालिकों से किसी भी वीडियो निगरानी फुटेज को सुरक्षित रखने का आग्रह किया है। डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस कठिन समय में उनके साथ एकजुट हैं।

### पन्ना जिले के पवई जनपद पंचायत सीईओ निलंबित

पन्ना (एजेंसी) । मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के पवई जनपद पंचायत के सीईओ को निलंबित कर दिया गया है। सीईओ प्रसन्न चक्रवर्ती को पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता, कर्तव्यविमुखता, गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार संभागायुक्त मुकेश शुक्ला ने यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के तहत की है। निलंबन अवधि में चक्रवर्ती का मुख्यालय कार्यालय जिला पंचायत निवाड़ी निर्धारित किया गया है। जनपद पंचायत पवई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चकवर्ती द्वारा किये गए भ्रष्टाचार के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु जांच समिति का गठन कर जॉच प्रतिवेदन चाहा गया था। अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं सहायक श्रम आयुक्त सागर संभाग सागर द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसका परीक्षण करने पर पाया गया कि श्री चकवर्ती द्वारा विभिन्न गंभीर अनियमितताएं की गई थी।

### कोविड टीकाकरण में 198.09 करोड़ टीके लगे

नई दिल्ली (एजेंसी) । देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के तहत 198.09 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक आज सुबह आठ बजे तक 198 करोड़ 09 लाख 87 हजार 178 टीके दिये जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 11 लाख 44 हजार 805 टीके लगाए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 13,086 नये मामले सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या कुल चार करोड 35 लाख 18 हजार 564 हो गयी है। देश में साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 3.81 प्रतिशत है और दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 2.90 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 12,456 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं।

## संपादकीय

# मिट्टी में बढ़ते खतरनाक रसायन

पर्यावरण के कैनवास में प्रदूषण एक बड़ा शब्द है, लेकिन अक्सर बात वायु प्रदूषण तक ही सिमट कर रह जाती है. बेशक वायु प्रदूषण भारत समेत पूरे एशिया में स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में है. लांसेट और स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की रिपोर्ट बताती रही हैं कि दुनियाभर में हर साल होने वाली करीब 70 लाख मौतों के पीछे वायु प्रदूषण एक कारण होता है. इनमें भारत का हिस्सा सबसे अधिक है, जहां हर साल 12 लाख से अधिक लोग वायु प्रदूषण से मर रहे हैं, पर यह भी सच है कि प्रदूषण पर होने वाली चर्चा जहरीली हवा की बंदी होकर रह गयी है, जबकि मिट्टी और पानी भी उतने ही प्रदूषित हैं. कुछ अपवादों को छोड़कर खबरिया चैनलों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, महंगाई और रोजगार के साथ प्रदूषण जैसे मुद्दों को तिलांजलि दे दी है, वरना सरकार से यह सवाल जरूर पूछा जाता कि हमारे देश में मिट्टी में इतने खतरनाक रसायन क्यों भरे हैं और जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में 120वें पायदान पर क्यों हैं. हवा के साथ पूरी पारिस्थितिकी का चक्र बनाने वाले मिट्टी और पानी का जहरीला होना जैव विविधता के लिए भी एक बड़ा खतरा है, जिसके बिना कोई जीवन संभव नहीं है. यह हैरानी की बात है कि हमारे देश में जहां कीटनाशकों के भारी इस्तेमाल के कारण मिट्टी और अनाज जहरीले हो गये हैं और हजारों गांव कैंसर हॉटस्पॉट में तब्दील हो रहे हैं. पंजाब के मालवा से चलने वाली कैंसर ट्रेन को याद करें. यहां आज भी 50 साल से अधिक पुराना एक नख-दंत विहीन कानून ही रसायनों का नियमन कर रहा है, जिसे इंसेक्टिसाइड कानून, 1968 कहा जाता है. इस निर्जीव कानून के कारण कीटनाशक निर्माता कंपनियों पर कोई लगाम नहीं है. किसान कई बार इतने जहरीले कीटनाशक इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनकी इजाजत श्रीलंका और बांग्लादेश में भी नहीं है. याद करें कि चार साल पहले महाराष्ट्र के यवतमाल में कीटनाशक छिड़कते 21 किसान मारे गये थे और 1000 से अधिक बीमार पड़े थे. जानकार बताते हैं कि किसानों के पास न तो सही कीटनाशक की पहचान का कोई तरीका होता है और न उन्हें इसकी जानकारी दी जाती है. कर्ज से दबे किसान अक्सर कंपनी के एजेंटों के बताये कीटनाशक ही इस्तेमाल करते हैं और कीटनाशकों का अनियंत्रित बाजार फैलता जा रहा है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2019-20 में पूरे देश में 60,599 टन रासायनिक कीटनाशक का छिड़काव हुआ था. केवल पांच राज्यों- महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और पंजाब में ही इसकी 70 फीसदी (42,803 टन) खपत है. डाउन टू अर्थ पत्रिका की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में ही भारत का कीटनाशक बाजार 19,700 करोड़ रुपये का था. अक्तूबर, 2019 में करीब 300 कीटनाशक भारत में पंजीकृत हो चुके थे और यह माना जा रहा है कि आज यह मार्केट 31,600 करोड़ रुपये का होगा. हमारे देश में दर्जनों 'क्लास-1' रसायन (जिन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बेहद हानिकारक माना है) कीटनाशकों की स्वीकृत सूची में वर्षों तक रहे और उसका कुप्रभाव किसानों के स्वास्थ्य के साथ उपभोक्ताओं की सेहत पर पड़ा है. हालांकि सरकार ने पिछले साल कई ऐसे रसायनों पर पाबंदी लगायी है, पर मोनोक्रोटोफॉस (जो क्लास 1-बी श्रेणी का रसायन है और यवतमाल में किसानों की मौत का कारण था) जैसे कुछ खतरनाक रसायन अब भी पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं हुए हैं, हालांकि सब्जियों में इसके इस्तेमाल पर रोक है. पहली बार 2008 में इसे संसद में पेश किया गया, लेकिन पारित नहीं हो सका. प्रस्तावित कानून- कीटनाशक प्रबंधन विधेयक, 2020- अभी भी लंबित है.

# देश के ज्यादातर हिस्सों में पहुंचा मानसून



नई दिल्ली (एजेंसी) । देखते ही देखते मानसून ने अब पूरे देश को अपनी गिरफ्त में कर लिया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में जमकर बारिश हो रही है। देश के अलग-अलग हिस्सों से बारिश की तस्वीरें भी सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में मौसम विभाग ने बताया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूरे देश को कवर कर लिया है। अगले चार दिन में देश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। दरअसल, मौसम विभाग के नवीनतम अपडेट के मुताबिक अब मानसून पूरे देश में सक्रिय है। एक तरफ जहां उत्तर भारत में भारी बारिश होने के आसार हैं तो वहीं दक्षिण भारत में भी कई जगहों पर भारी बारिश होगी। उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते मौसम विभाग ने कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में कुछ जगहों पर गरज चमक और भारी बारिश हो सकती है।

इसके अलावा महाराष्ट्र के कई जिलों में भी मानसून काफी सक्रिय है। कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, पूर्वी मध्यप्रदेश और उत्तराखंड में 5 से 8 जुलाई के बीच भारी बारिश हो सकती है। छत्तीसगढ़, केरल और माहे में 5-6 जुलाई के बीच जमकर बारिश होगी। राजस्थान में भी मानसून की एंट्री हो चुकी है। राज्य में भले ही मानसून तय समय से लेट पहुंचा हो, लेकिन फिर भी प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बारिश सामान्य से ज्यादा रिकॉर्ड की गई।

उधर उत्तरी ओडिशा, उससे सटे दक्षिण झारखंड और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। कर्नाटक और गोवा में भी भारी बारिश हो रही है। केरल के छह जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, केरल के कुछ जिलों में भी मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है।

बता दें कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने सामान्य समय से करीब छह दिन पहले ही पूरे देश को कवर कर लिया है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी अरब सागर के हिस्सों, गुजरात व राजस्थान के बाकी इलाकों में भी मानसून पहुंचने के साथ देश भर में छा गया है। देशभर में मानसून पहुंचने की सामान्य तिथि आठ जुलाई है, लेकिन इससे पहले ही मानसून ने समूचे भारत को कवर कर लिया है।

# अरविंद केजरीवाल के घर पर तोडफ़ोड़ का मामला, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या से हुई लंबी पूछताछ



नई दिल्ली (एजेंसी) । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर हुए हंगामे को लेकर पुलिस ने भाजपा सांसद से पूछताछ की है। खबर है कि पुलिस ने तेजस्वी सूर्या से घंटों तक सवाल-जवाब किए थे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के आवास के बाहर मार्च में जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ था। उस दौरान बैरिकेड तोड़े जाने की भी खबरें सामने आई थी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे थे। मीडिया रिपोर्ट्स में पुलिस के हवाले से बताया जा रहा है कि सूर्या से 10 दिन पहले पूछताछ हुई थी। दो घंटों तक चले सवालों के दौर में प्रदर्शनों में सूर्या की भूमिका को लेकर जानकारी जुटाई गई थी। खबर है कि पुलिस ने पूछताछ के लिए भाजपा नेता को दो बार नोटिस भी भेजा था। वहीं, सांसद का कहना था कि वह कभी भी पेश होने के लिए तैयार हैं।

पुलिस ने कहा कि सूर्या से अशोक मार्ग स्थित उनके आधिकारिक आवास पर पूछताछ की गई थी। उस दौरान उन्हें केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे भाजपा युवा कार्यकर्ताओं से जुड़ी फुटेज भी दिखाई गई थी। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाए थे कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल को मारने की कोशिश की थी, क्योंकि वे उन्हें चुनाव में नहीं हरा पा रहे थे।

क्या था मामला : 30 मार्च को भाजपा कार्यकर्ताओं ने आप प्रमुख के आवास पर प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ता द कश्मीर फाइल्स फिल्म को लेकर दिए गए बयान पर नाराजगी जाहिर कर रहे थे। तब नारेबाजी कर रहे प्रदर्शनकारी कथित तौर पर बैरिकेड तोड़े, गेट पर पेंट फेंका और सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया था। सीएम ने कहा था, वे कह रहे हैं कि द कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री बनाओ। तो उसे यूट्यूब पर डाल दो वो फ्री हो जाएगी।

# गुपकार गठबंधन मिलकर लड़ेगा जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव, फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का ऐलान

श्रीनगर (एजेंसी) । नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव मिलकर लडने का फैसला किया है। दोनों दलों ने कहा कि गुपकार घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) जम्मू-कश्मीर में संयुक्त रूप से विधानसभा चुनाव लड़ेगा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) दोनों पीएजीडी के प्रमुख घटक दल हैं।

एनसी अध्यक्ष और पीएजीडी के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा, हम एक साथ चुनाव लड़ेंगे। एक राजनीतिक दल है जिसने कहा कि उसने गठबंधन छोड़ दिया है। सच्चाई यह है कि वे कभी गठबंधन का हिस्सा नहीं थे। वे हमें भीतर से तोडने आए थे।

खोई हुई गरिमा की बहाली के लिए मिलकर करेंगे प्रयास

पीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी इसी तरह की बात कही। महबूबा ने कहा, हम एक साथ चुनाव लडने का इरादा रखते हैं क्योंकि यह लोगों की इच्छा है कि हमें अपनी खोई हुई गरिमा की बहाली के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। अब्दुल्ला ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार जब चाहे चुनाव करा सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बाढ़ आई थी तब चुनाव हुए थे। अब चुनाव क्यों नहीं हो सकते? सवाल यह है कि वे चुनाव कैसे लडना चाहते हैं।

अमरनाथ यात्रा के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर के लोगों ने वर्षों से तीर्थयात्रा का सुचारू संचालन को पूरे दिल से सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि गुफा की खोज करने वाला व्यक्ति कौन था? वह पहलगाम का रहने वाला मुसलमान था।

# अलौकिक शो ने मुझे हमेशा आकर्षित किया : न्यारा एम बनर्जी

अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी जल्द ही ऑन-एयर शो पिशाचिनी में एक शैतान के रूप में नजर आएंगी। अलौकिक शैली में यह उनका दूसरा प्रोजेक्ट है और अभिनेत्री इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा, मैं नाममात्र की भूमिका निभा रही हूं। मेरा नाम रानी है। बरेली का शहर, जहां रानी, पिशाचिनी को छोड़ दिया गया है, पिशाचिनी कहानी का केंद्र बिंदु होगा, उन्होंने कहा, यहां तक कि मेरा पहला शो दिव्य ष्टि भी सुपरनैचुरल था। इसे देखना मजेदार होगा क्योंकि मैं ग्रे शेड निभा रही हूं फिर भी मैं हीरोइन हूं।

अलौकिक शो ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है और मैं पिशाचिनी का हिस्सा बनकर खुश हूं। रानी सबसे जटिल पात्रों में से एक है जिसे मैंने कभी चित्रित किया है।

न्यारा के कामुक अवतार ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है, और दर्शक उनके पिशाचिनी अवतार को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते।

उन्होंने साझा किया कि, वह प्रोमो की शुरूआती प्रतिक्रिया से काफी खुश है और कहा, अब तक मुझे दर्शकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इस तरह के शो बनाए गए हैं और बनाए जा रहे हैं, लेकिन मेरा चरित्र सभी से काफी अलग है। और मैं अपने प्रशंसकों और दर्शकों को यह देखने के लिए इंतजार नहीं करा सकती कि उनके रास्ते में और क्या है।

उन्होंने कहा, मुझे नाटकीय भूमिकाएं पसंद हैं, और यह शो एकदम सही है। अगर मुझे स्टंट करने को मिले तो यह भी दिलचस्प होगा क्योंकि मैं एक पिशाचिनी और एक अलौकिक चरित्र हूं।

न्यारा का मानना है कि एक अभिनेत्री होने के नाते उन्हें ग्लैमरस होने की जरूरत है, चाहे वह ऑफ-स्क्रीन हो या ऑन-स्क्रीन, और खुद को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करती है।

उन्होंने आगे कहा, मैं कसरत करती हूं, मैं वजन उठाती हूं, और आहार बनाए रखने की कोशिश करती हूं। हालांकि मैं बिल्कुल भी सख्त नहीं हूं। अच्छा और ग्लैमरस दिखना नौकरी का हिस्सा है, और मुझे यह पसंद है। सुंदर दिखना कौन पसंद नहीं करेगा। मैं एक हीरोइन हूं और मुझे ग्लैमरस दिखना चाहिए। अगर हर उम्र के लोग मुझे पसंद नहीं करते हैं तो मैं हीरोइन नहीं हूं।

हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि यह कुल मिलाकर प्रदर्शन है जो दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ता है।

न्यारा ने आखिर में कहा, अच्छा और ग्लैमरस दिखना नौकरी का सिर्फ एक हिस्सा है, आप किसी श्य को कैसे करते हैं, आप अपनी भावनाओं को कैसे व्यक्त करते हैं, और दर्शक इसे जोड़ सकते हैं या नहीं, यह भी महत्वपूर्ण है। इसलिए यह एक समग्र मनोरंजन पैकेज है। मैं नहीं चाहती सिर्फ आई कैंडी बनने के लिए, और मैं हर दिन अपने कौशल पर काम करती हूं। विशेष रूप से इस पेशे में सीखना कभी बंद नहीं होता है।





# वरिना हुसैन ने अपनी प्यारी और हॉट अदाओ से किया लोगो के दिलो को मदहोश

वरीना ने सोशल मीडिया पर रेड ऑउटफिट पहने अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो हॉटनेस और बोल्डनेस का प्रतीक हैं। वरीना ने एक छोटी, लाल रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी थी, जिसमें एक प्यारी सी नेकलाइन और एक गोल्डन चेन स्ट्रैप था।

बॉलीवुड अभिनेत्रियों पर जिम्मेदारी का बोझ भारी होता है। हम केवल उनके द्वारा चुने गए पात्रों की बात नहीं कर रहे हैं; हम यह भी संकेत दे रहे हैं कि वे कितनी बार हमारे लिए फैशन आइकन भी बन जाते है। बी-टाउन की सुंदरियों को बड़ी संख्याओं मे प्रशंसक पसंद करते है, और उनके द्वारा अपनाए जाने वाले हर नए स्टाइल को उनके प्रशंशक तुरंत अपना लेते हैं। हाल ही मे हमने एक नया ट्रेंड है जहा सारी अभिनेत्रियां लाल रंग की पोशाख कैर्री करते नजर आई. वरीना हुसैन, जो टिनसेल टाउन की एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, उन्होंने अपनी इन शानदार तस्वीरों से शहर को लाल रंग में रंगीन कर दिया हैं।

वरीना ने सोशल मीडिया पर रेड ऑउटफिट पहने अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो हॉटनेस और बोल्डनेस का प्रतीक हैं। वरीना ने एक छोटी, लाल रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी थी, जिसमें एक प्यारी सी नेकलाइन और एक गोल्डन चेन स्ट्रैप था। हालांकि ऑउटफिट काफी सिंपल सा था,पर जिस तरह से इसने वरीना के टोंड फिगर को दर्शाया,उसने प्रशंसकों के दिलों में धमाकेदार सुंदरता की छाप छोड़ी है। मेकअप की बात करे तोह, वरीना ने सिंपल सटल मेकअप लुक किया था, जहा अभिनेत्री ने ग्लैम आने थोड़ा ब्लश और लाइट पिंक कलर की लिपस्टिक लगाई थी, और उन लम्बे लैशेस को मस्कारा लगया जोह उन प्यारी आंखों में ग्लैमर दरशाता है।अभिनेत्री ने अपने लम्बे घने बालों को खुला छोड़ा था। उसने ड्रेस को उन ट्रांसलूसेंट सॉलिड ट्रफल स्ट्रिप्ड रेड हील्स के साथ पेयर किया। वरीना ने अपने पहनावे को कुछ साधारण अंगूठियों और उन पेस्टल रंग के लंबे नाखूनों के साथ पूरा किया जिसने अभिनेत्री के ऑउटफिट को और चमक आई.

उसकी तस्वीर निश्चित रूप से हमारे दिलो पर राज कर रही है क्योंकि उसके अपने अनोखे अंदाज मे पोज़ और प्यारी मुस्कान से पूरी तरह से हमारा दिल जीता है.

प्रशंसक कमेंट सेक्शन में गए और आग ( ???? ) और दिल ( ?? ) के इमोटिकॉन्स के साथ अपना प्यार बया कर रहे है, जिस पर कुछ लोगो ने लिखा, अक्ख लड़ जावे और दुसरो ने लिखा यू अरे द गॉडेस ब्यूटी काम के मोर्चे पर, वरीना हुसैन के पास कई रोमांचक पहल हैं जो विकसित हो रही हैं, जिसमें वेब सीरीज और फिल्में शामिल हैं। परन्तु, अभी तक उनके टीम की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा